CAREERINDIA

**SET – 3**

**Series : HRK/1/C**

कोड नं.
**Code No.** **32/1/3**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

www.care

# संकलित परीक्षा – II
# SUMMATIVE ASSESSMENT – II
# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

CAREERINDIA

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1** से **8** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **9** से **20** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **21** से **28** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **29** और **30** इतिहास और भूगोल के मानचित्र वाले प्रश्न प्रत्येक **3** अंक के हैं । इन्हें पूरा करने के बाद, मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के अंदर नत्थी कर दीजिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* *The question paper has **30** questions in all. **All** questions are **compulsory.***

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Questions from serial number **1** to **8** are Very Short Answer Questions. Each question carries **1** mark. Answer to these should not exceed **30** words.*

*(iv)* *Questions from serial number **9** to **20** are **3** marks questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.*

*(v)* *Questions from serial number **21** to **28** are **5** marks questions. Answers of these questions should not exceed **120** words each.*

*(vi)* *Question number **29** and **30** are map questions of **3** marks each from History and Geography both. After completion, attach the maps inside your answer-book.*

www.careerindia.com

CAREERINDIA

1\. भारत में कौन सी संस्था 'राजनीतिक दलों' को मान्यता प्रदान करती है ? **1**

Which organization does recognize 'Political Parties' in India ?

2\. कलाकार फ्रेड्रिक सॉरयू का संबंध किस देश से था ? **1**

**अथवा**

न्गो दिन्ह दिएम का सम्बन्ध किस देश से था ?

To which country did the artist Frederic Sorrieu belong ?

**OR**

To which country did Ngo Dinh Diem belong ?

3\. दबाव समूह 'लाबिस्टों' की नियुक्ति क्यों करते हैं ? **1**

Why do pressure groups employ lobbyist ?

4\. यदि एक अलोकतांत्रिक देश लोकतांत्रिक व्यवस्था में परिवर्तित होना चाहता है तो वह किस प्रकार की चुनौती का सामना करेगा ? **1**

If a non-democratic country wants to change into a democratic set up, then which kind of challenge would it face ?

5\. ऊर्जा क्यों आवश्यक है ? एक कारण लिखिए । **1**

Why is energy needed ? Write one reason.

6\. मान लीजिए आप बाज़ार से एक फ्रिज खरीदना चाहते हैं तो इसके लिए फ्रिज पर गुणवत्ता का कौन सा शब्द–चिह्न देखना चाहेंगे ? **1**

Suppose you want to purchase a Refrigerator from market, then which logo of quality will you look for on the Refrigerator ?

7\. भारत में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा 'विशेष आर्थिक क्षेत्र' क्यों स्थापित किए जा रहे हैं ? **1**

Why are 'Special Economic Zones' are being set up by Central and State Governments in India ?

8\. गरीबों के लिए बैंकों से ऋण लेना कठिन क्यों है ? **1**

Why is it difficult for poor to get loan from Banks ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA

9. "यूरोप में उन्नीसवी सदी के शुरुआती वर्षों में राष्ट्रीय एकता से संबंधित विचारों का उदारवाद से निकट का संबंध था ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । **3**

**अथवा**

"1965 से 1972 के बीच अमेरिका के वियतनाम युद्ध में कूद पड़ने से एक ऐसा दौर शुरू हुआ जो वियतनामियों के साथ-साथ अमेरिकियों के लिए भी बहुत महँगा सिद्ध हुआ ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए ।

"Ideas of national unity in early nineteenth century Europe were closely allied to the ideology of Liberalism." Analyse the statement.

**OR**

"US entry into the Vietnam war from 1965 to 1972 marked a new phase that proved costly to the Vietnamese as well as the Americans." Analyse the statement.

10. भारत में प्रथम विश्व युद्ध ने किस प्रकार आर्थिक कठिनाइयाँ पैदा कीं ? स्पष्ट कीजिए । **3**

How had the First World War created economic problems in India ? Explain.

11. "भारत में रेल परिवहन जाल के वितरण प्रतिरूप को मुख्यत: भू-आकृतिक और आर्थिक कारकों ने प्रभावित किया है ।" इस कथन की पुष्टि उपयुक्त उदाहरणों सहित कीजिए । **3**

"The distribution pattern of the railway network in India has been mainly influenced by physiographic and economic factors." Support the statement with suitable examples.

12. "गांधीजी के सत्याग्रह के विचार में सत्य की शक्ति पर आग्रह और सत्य की खोज पर जोर दिया जाता था ।" इस कथन के प्रकाश में सत्याग्रह की ओर गांधीजी के योगदान का आकलन कीजिए । **3**

"Gandhiji's idea of Satyagraha emphasized the Power of truth and the need to search for truth." In the light of this statement assess the contribution of Gandhiji towards Satyagraha.

13. खनिज संसाधनों का संरक्षण अत्यावश्यक क्यों है ? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए । **3 × 1 = 3**

Why is conservation of mineral resources essential ? Explain any three reasons.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

14. नागरिकों की गरिमा और आज़ादी को प्रोत्साहित करने में लोकतांत्रिक व्यवस्था किस प्रकार किसी अन्य शासन प्रणाली से बेहतर है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **3**

How does democracy stand better to any other form of government in promoting the dignity and freedom of the citizens ? Explain with examples.

15. भारत में राजनीतिक दलों को सुधारने हेतु हाल ही में किए गए किन्हीं तीन प्रयासों को स्पष्ट कीजिए । **3**

Explain any three recent efforts made to reform political parties in India.

16. "लोकतंत्र की जीवंतता का जनसंघर्षों से आन्तरिक संबंध है ।" बोलिविया में पानी के निजीकरण के खिलाफ हुए आंदोलन के प्रकाश में इस कथन की व्याख्या कीजिए । **3**

"Popular struggles are integral to the working democracy." Explain the statement in the light of Bolivia's struggle against privatisation of water.

17. हमें ऊर्जा के सीमित संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग के लिए सावधानीपूर्ण उपागम को किस प्रकार अपनाना होगा ? स्पष्ट कीजिए । **3**

How we have to adopt a cautious approach for the judicious use of our limited energy resources ? Explain.

18. "कुछ ही वर्षों में भारतीय बाज़ार वस्तुओं के बहुव्यापी विकल्प के साथ पूर्णत: परिवर्तित हो गए हैं । " इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । **$3 \times 1 = 3$**

"In a matter of years, Indian markets have been transformed with wide ranging choice of goods." Support the statement with examples.

19. भारत में उपभोक्ता आंदोलन किस प्रकार उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करता है ? स्पष्ट कीजिए । **3**

Explain how does consumer movement in India protect the interests of consumers.

20. उन मूल्यों की व्याख्या कीजिए जिन्हें किसी कर्ज़दार को लिए गए ऋण के सदुपयोग हेतु व्यवहार में लाना चाहिए । **3**

Explain the values which a borrower should observe for the proper use of loan taken.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

21. बैंकों और सहकारी समितियों को अपनी ऋण गतिविधियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाना क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए । **5**

Why is it necessary that banks and co-operatives increase their lending in rural areas ? Explain.

22. "भारत में सड़क परिवहन, रेल परिवहन की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक है ।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । **5 × 1 = 5**

"Roadways have an edge over the railways in India." Support the statement with examples.

23. "भारत में नवीकरण योग्य ऊर्जा के संसाधनों के उपयोग की अति आवश्यकता है –" इस कथन को न्यायोचित ठहराइये । **3 + 2 = 5**

"There is a pressing need for using renewable energy sources in India." Justify the statement.

24. "सभी सामाजिक समूह 'स्वराज' की अमूर्त अवधारणा से प्रभावित नहीं थे ।" 1930 के दशक के 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' के आलोक में इस कथन की पुष्टि कीजिए । **5**

"Not all social groups were moved by the abstract concept of 'Swaraj'." Support the statement in the light of Civil Disobedience Movement of 1930s.

25. राजनीतिक दल को परिभाषित कीजिए । भारत में राजनीतिक दलों के समक्ष किन्हीं चार चुनौतियों का वर्णन कीजिए । **1 + 4 = 5**

Define Political Party. Describe any four challenges before the political parties in India.

26. समकालीन विश्व में किस प्रकार की सरकार की प्रधानता है ? उन मामलों का उल्लेख कीजिए जो 'लोकतंत्र को मजबूत' करने की चुनौती में शामिल हैं । **1 + 4 = 5**

Which kind of government is dominant in the contemporary world ? Mention the issues that all involved in the challenge of 'deepening of democracy'.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

27. 1848 के बाद जर्मनी के राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए । **5**

**अथवा**

वियतनाम में साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष में महिलाओं की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the nation building process of Germany after 1848.

**OR**

Explain the role of women in the anti-imperialist struggle in Vietnam.

28. भारत में वैश्वीकरण को संभव बनाने वाले किन्हीं दो कारकों का उल्लेख कीजिए । न्यायसंगत वैश्वीकरण के लिए भारतीय किस प्रकार संघर्ष कर रहे हैं ? **5**

Mention any two factors that have enabled globalisation in India. How are Indians struggling for fair Globalisation ?

29. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में तीन लक्षण A, B और C अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गईं रेखाओं पर लिखिए : **3 × 1 = 3**

A. 1922 में असहयोग आन्दोलन को वापस लेने से संबंधित स्थान ।

B. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

C. वह स्थान जो नील की खेती करने वाले किसानों के आंदोलन से सम्बंधित है ।

On the given political outline map of India, three features A, B, and C are marked. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked on the map :

(A) The place associated with the calling off 'the Non-Cooperation Movement' in 1922.

(B) The place where the Indian National Congress Session was held.

(C) The Place associated with the movement of Indigo planters.

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं :** **3 × 1 = 3**

(29.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1922 में असहयोग आंदोलन वापिस लिया गया ।

(29.2) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(29.3) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन प्रारंभ हुआ था ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of Q. No. 29 :**

(29.1) Name the place where the Non-Cooperation Movement was called off in 1922.

(29.2) Name the place where the September 1920 session of Indian National Congress was held.

(29.3) Name the place where the movement of Indigo planters was started.

30. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये और उनके नाम लिखिए : **3 × 1 = 3**

(A) भिलाई – लोहा और इस्पात संयंत्र

(B) नरोरा – आणविक ऊर्जा संयंत्र

(C) काँडला – प्रमुख समुद्री पत्तन

On the given Political outline map of India, locate and label the following with appropriate symbols :

(A) Bhilai – An Iron and Steel Plant

(B) Narora – A Nuclear Power Plant

(C) Kandla – A major Sea Port

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं : 3 × 1 = 3**

(30.1) भिलाई लोहा और इस्पात संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(30.2) नरोरा आणविक ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(30.3) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ काँडला समुद्री पत्तन स्थित है ।

**Note : The following questions are for the Visually Impaired candidates only in lieu of Q. No. 30 :**

(30.1) In which State is Bhilai Iron and Steel Plant located ?

(30.2) In which State is the Narora Nuclear Power Plant located ?

(30.3) Name the State where Kandla Sea Port is located.

www.careerindia.com

CAREERINDIA


Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें ----------

प्रश्न सं. 29 के लिए मानचित्र

Map for Q. No. 29

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**

**Outline Map of India (Political)**




www.careerindia.com

CAREERINDIA

प्रश्न सं. 30 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 30

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**
**Outline Map of India (Political)**




Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें

www.careerindia.com